पत्रिका

ब्रीफ न्यूज

साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक

जयपुर @ पत्रिका. कानोता स्थित राजकीय महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर कानोता थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताते हुए कहा कि मोबाइल पर आए ओटीपी को किसी से शेयर न करें, अनजान लिंक को न खोलें। उन्होंने एटीएम से पैसे निकालते समय बरती जाने वाली सावधानियां भी बताई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर तौफीक हुसैन और प्रियंका मीणा समेत अन्य ने भी संबोधित किया।

06/11/2024 | Jaipur City | Page : 8
Source : https://epaper.patrika.com/